# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–10.07.2024 (संध्या 1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **वरिष्ठ चुनाव उपायुक्त नीतेश व्यास की अध्यक्षता में चुनाव आयोग की टीम दो दिवसीय दौरे पर आज रांची पहुंची, झारखण्ड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ कर रहे हैं बैठक।**
2. **प्रवर्तन निदेशालय ने आज जमीन कारोबारी कमलेश कुमार से जुड़े ठिकानों में की छापेमारी।**
3. **भारतीय जनता पार्टी के सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को राज्यसभा में पार्टी का बनाया गया सचेतक।**
4. **राज्य में कमजोर पड़े मानसून ने फिर पकड़ी रफ्तार, रांची समेत कई जिलों में आज हुई बारिश, मौसम विभाग ने 13 जुलाई तक पुरे राज्य में बारिश का येलो अलर्ट किया जारी।**

***************

भारत निर्वाचन आयोग के वरीय उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरीय उप निर्वाचन आयुक्त नितेश कुमार व्यास, प्रधान सचिव श्री अरविंद आनंद की टीम दो दिवसीय दौरे पर आज रांची पहुंचे। टीम रामगढ़ के पतरातु रिसोर्ट में झारखण्ड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और अन्य वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रही है। झारखंड में विधानसभा चुनाव कुछ महीनों के बाद होना है। यह टीम झारखंड में चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेगी। भारत निर्वाचन आयोग की टीम द्वारा कल पतरातू पर्यटन विहार स्थित सभागार में राज्य में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रय 2024 के तहत चल रहे कार्यों को लेकर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की जायेगी।

***************

देवघर में तीन मंजिला इमारत ढह जाने के बाद तीन लोगों की मौत पर जिला प्रशासन गंभीरता दिखाते हुए जर्जर मकानों को चिन्हित कर रही ।

***************

फरार चल रहे जमीन कारोबारी कमलेश कुमार से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम आज रांची के कांके अंचल जांच के लिए पहुंची। कांके के चामा गांव में ईडी की टीम ने ग्रामिणों से पुछताछ की। उसके बाद ईडी की टीम ने कांके रिसार्ट और कांके प्रखण्ड में कमलेश के ठिकानों में छापेमारी की। गौरतलब है कि ईडी ने 21 जून को कमलेश के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान उसके ठिकानों से एक करोड़ नगद और 100 कारतूस बरामद हुए थे। इसको लेकर कांके थाना में कमलेश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला भी दर्ज हुआ है। इस मामले में ईडी ने कमलेश को दो बार समन भेजा लेकिन किसी भी समन में वह ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। ईडी ने कमलेश को फिर से समन भेजकर 12 जुलाई को उपस्थित होने को कहा है।

***************

गढ़वा जिले में भारत सरकार के नीति आयोग के निर्देश पर चार जुलाई से 30 सितंबर तक संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है।

***************

पंद्रह सौ स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को 12 जुलाई को राज्य सरकार नियुक्ति पत्र प्रदान करेगी। इसको लेकर रांची के धुर्वा स्थित प्रभाततारा मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विशिष्ट अतिथि के तौर पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता उपस्थित होंगे। इस समारोह के दौरान कुल सात विषयों में अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

***************

बीजेपी के राज्यसभा सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को राज्यसभा में बीजेपी का सचेतक बनाया गया है। नई जिम्मेदारी दिये जाने पर दीपक प्रकाश ने पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। श्री प्रकाश ने कहा कि नये दायित्व पर वे ईमानदारी से काम करेंगे और संबंधित समस्याओं का हल करने का प्रयास करेंगे। बता दें कि दीपक प्रकाश को बिहार बीजेपी का सह प्रभारी भी बनाया गया है।

***************

सिमडेगा में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए पुलिस ने आज हेलमेट जरूरी है अभियान की शुरुआत की है। इस दौरान पुलिस ने आम जनता के साथ पुलिस कर्मी, वकील और सरकारी कर्मियों को भी बिना हेलमेट के बाइक चलाने पर रोका। आज किसी तरह का चलान नहीं काटा गया। सभी को हेलमेट मंगवाकर पहनने के बाद ही छोड़ा गया। एसडीपीओ ने कहा कि हेलमेट सिर्फ जान की सुरक्षा नहीं बल्कि परिवार और बच्चों की भी सुरक्षा है। उन्होने बताया कि पुलिस और प्रशासन कर्मी सहित वकील और आमजन हेलमेट पहनने की आदत डाल लें, अन्यथा अगली बार विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

***************

रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन ने लोगों के घर जाकर सुविधाएँ उपलब्ध करा रही है। आज जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने ड्राइविंग टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों के घर जाकर  ड्राइविंग लाइसेंस स्मार्ट कार्ड का वितरण किया वितरण। साथ लोगों को परिवहन के नियमों का पालन करने के लिए भी जागरुक किया।

***************

पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से जुड़े विभिन्न न्यायिक मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए चाईबासा में आज न्याय पंच कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन करते हुए राज्य के अनुसूचित जाति जनजाति मामलों के मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में सदियों से चली आ रही परंपरागत न्याय व्यवस्था को पुनर्जीवित किया गया है। उन्होंने कहा कि न्याय पंच पूरे देश में अनूठी व्यवस्था है जिसके माध्यम से कोल्हान के लोगों को सस्ता सुलभ और त्वरित न्याय मिल पाएगा। उल्लेखनीय है कि कोल्हान में विल्किंसन नियम लागू है जिसके तहत

यहां के जमीन विवाद से जुड़े मामले दशकों से लंबित है। इन मामलों के अलावा मानकी मुंडाओं के अधीन आने वाले मामले भी बड़ी संख्या में लंबित रह जाते हैं। विधि विशेषज्ञों का मानना है कि न्याय पंच के जरिए इन मामलों की सुनवाई त्वरित गति से होगी।

***************

राज्य में कमजोर पड़े मानसून ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। राजधानी रांची समेत कई जिलों में आज बारिश हुई। मौसम विभाग ने 15 जुलाई तक राज्य में मानसून के विस्तार का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम केन्द्र रांची ने आज और कल गढ़वा, कोडरमा, देवघर, रांची और सिमडेगा सहित पूरे राज्य में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। पूरे राज्य में बारिश की यह स्थिति 13 जुलाई तक रहेगी।

********समाप्त********